दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा बैठक 7 मार्च को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा बैठक 7 मार्च 2020 को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। जिसमें समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयकों को एजेण्डावार जानकारी के साथ स्वयं उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

### 1 अप्रैल से बीएस-04 वाहनों का नहीं होगा पंजीयन

» वाहन डीलर्स एवं क्रेता बीएस-04 वाहनों के पंजीयन अप्रूवल हेतु 29 फरवरी तक जमा करें समस्त पेंडिंग फाईल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला परिवहन अधिकारी सुमित अग्रवाल ने जिले के नागरिकों एवं वाहन डीलर्स को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 1 अप्रैल 2020 से बीएस-04 वाहनों का पंजीयन नहीं किया जाएगा। जिन वाहनों का वैध दस्तावेज परिवहन कार्यालय में जमा नहीं किया गया है और वाहन-04 में अप्रूवल शेष है, उन वाहनों का पंजीयन अप्रूवल किया जाना संभव ना हो पाए। अतएव वाहन डीलर्स एवं क्रेता बीएस-04 वाहनों के पंजीयन अप्रूवल हेतु समस्त पेंडिंग फाईल 29 फरवरी 2020 तक आवश्यक रूप से परिवहन कार्यालय में जमा करें ताकि वाहन विक्रेता के द्वारा विक्रय किए गए समस्त बीएस-04 वाहनों का पंजीयन किया जा सके।

### पोल्ट्री के माध्यम से फैलने की अफवाह पूर्णतः निराधार

» पोल्ट्री के कोरोना वायरस से प्रभावित होने संबंधी अफवाह पर न दें ध्यान

**रायपुर।** संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा कोरोना वायरस के पोल्ट्री के माध्यम से फैलने संबंधी कुछ सोशल मीडिया पर प्रसारित मनगढ़ंत व बेबुनियादी अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। पोल्ट्री (चिकन) के माध्यम से कोरोना वायरस फैलने की विश्वभर में कहीं भी कोई घटना नहीं हुई है। पोल्ट्री (चिकन) के माध्यम से कोरोना वायरस के फैलने का कोई वैज्ञानिक आधार भी नहीं है, जिसकी पुष्टि भारत सरकार द्वारा भी की गई है। उल्लेखनीय है कि मानव स्वास्थ्य रक्षा हेतु विश्वव्यापी सर्वोच्च संस्था डब्ल्यू.एच.ओ. द्वारा भी चिकन के सेवन को सुरक्षित बताया गया है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पोल्ट्री के कोरोना वायरस से प्रभावित होने संबंधी अफवाह पर ध्यान न दें। कोरोना वायरस केवल एक व्यक्ति के दूसरे व्यक्ति से संपर्क में आने से ही फैलता है। पोल्ट्री (चिकन) के माध्यम से फैलने की अफवाह पूर्णतः निराधार है, जिसकी पुष्टि भारत सरकार व डब्ल्यू.एच.ओ. ने भी की है। पोल्ट्री उत्पाद (चिकन एवं अण्डे), मटन उच्च प्रोटीन व अन्य पोषक तत्वों से भरपूर है एवं समाज में कुपोषण दूर करने में अहम भूमिका निभाते हैं। अतः उपभोक्ता इन्हें स्वच्छता का ध्यान रखते हुए से बिना किसी भय के सेवन कर सकते हैं।

### छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा अनियमित वित्तीय कंपनियों के संचालकों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही

» अनियमित वित्तीय कंपनियों की संपत्ति कुर्की कर 7 करोड़ 80 लाख रूपए शासन के खाते में जमा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चिटफण्ड कंपनी (अनियमित वित्तीय कंपनियों) संचालकों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। वर्ष 2019 में राज्य में अनियमित वित्तीय कंपनियों के विरूद्ध कुल 56 प्रकरण दर्ज किये गये हैं। उक्त दर्ज प्रकरणों में कुल 12 डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया गया है। फरार आरोपी डायरेक्टरों एवं पदाधिकारियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम बनाकर राज्य के समस्त पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है, जहां लगातार कार्यवाही की जा रही है। शासन के नीतिगत् निर्णय अनुसार 36 प्रकरणों में कुल 80 एजेंटों के नाम विधि अनुरूप साक्षी सूची में लाये गये हैं। अनियमित वित्तीय कंपनियों के विरूद्ध दर्ज प्रकरणों की विवेचना में यह सामने आया कि हजारों की संख्या में एजेंट विभिन्न अनियमित वित्तीय कंपनियों में कार्यरत् थे।

# जिले में प्राकृतिक संसाधन आधारित प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर ग्रामीण युवाओं को जोड़े- कलेक्टर यशवंत कुमार



» कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत फसल कटाई की औसत उपज के आंकड़ों के सॉफ्टवेयर में अपडेशन में देरी के संबंध में नाराजगी जाहिर करते हुए उप संचालक कृषि को कहा कि समस्त जानकारी लिखित में प्रस्तुत कीजिए। जिससे कार्य में हुई देरी के लिए जिम्मेदारी तय की जा सके। नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी के क्रियान्वयन के समीक्षा करते हुए घुरवा तथा बाड़ी की संख्या के साथ समस्त गौठानों में पैरादान की मात्रा बढ़ाने के निर्देश दिए। गौठानों के निरीक्षण के लिए प्राधिकृत अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर अधोसंरचना विकास की मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री जनचौपाल, कलेक्टर जनचौपाल, लोकसेवा गारंटी के तहत लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की तथा सभी प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। कलेक्टर यशवंत कुमार ने पंचायत तथा वन विभाग को समन्वय में कार्य करते हुए ग्रामीण युवाओं को जिले में प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर आजीविका संबंधी कार्य से जोडने् के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आगामी सत्र से म्युनिसिपल स्कूल का उन्नयन मॉडल स्कूल के रूप में किया जा रहा है। उन्नयन के लिए आवश्यक अंधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यो का इस्टीमेट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश ईई पीडब्ल्यूडी को दिए। आगे उन्होंने कहा कि समस्त शासकीय विभाग प्रमुखों से कहा कि उनके विभागों को आबंटित शासकीय भूमि का उपयोग यदि वे नहीं कर रहे है तो लिखित में सूचित करते हुए उक्त भूमि को सरेण्डर कीजिए, जिससे अन्य प्रयोजनों के लिए भूमि का उपयोग किया जा सके। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत वन अधिकार मान्यता प्राप्त हितग्राहियों के पंजीयन व ऑनलाईन जानकारी अपडेशन का कार्य शीघ्र पूरा करें। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत खरीफ फसलों में जिंक युक्त राइस तथा रागी के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निर्देशित किया। कक्षा 6 वीं के विद्यार्थियों के लंबित जाति प्रमाण-पत्रों को शीघ्र बनाने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं समस्त एसडीएम को दिए। खाद्य विभाग को उचित मूल्य दुकानों को अग्रिम प्रदाय राशि सामग्री के लंबित राशि शीघ्र वसूलने के लिए कहा।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा, जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, वनमंडलाधिकारी मनोज पांडे, सहायक कलेक्टर संबित मिश्रा, नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुष्ठ रोग निदान के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के दिशा-निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में 22 फरवरी को स्वर्गीय लखीराम स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ में एमबीबीएस के द्वितीय वर्ष के छात्र एवं छात्राओं के लिए कुष्ठ रोग निदान विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें कॉलेज में अध्ययनरत द्वितीय वर्ष के 50 विद्यार्थियों ने कुष्ठ रोग के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर डेमियन फाउंडेशन से डॉ. गौतम, स्वास्थ्य विभाग से शहरी क्षेत्र के शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ राकेश वर्मा एवं जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. टी. जी. कुलवेदी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में डॉ. गौतम के द्वारा जिले में चल रहे हैं चर्म रोग, खोज एवं निदान अभियान के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों द्वारा 24 से 29 फरवरी तक शहर के विभिन्न वार्डों में डोर टू डोर जाकर कुष्ठ के संभावित मरीजों की पहचान की जाएगी। चिन्हित संभावित मरीज का कैम्प लगाकर कुष्ठ जांच कर दवाई उपलब्ध कराया जाएगी। डॉ कुलवेदी ने बताया कि 17 फवरी 2020 से 29 फरवरी 2020 तक जिले में कुष्ठ खोज एवं उपचार अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें कुष्ठ मरीजों को चिन्हित कर निःशुल्क दवाएं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दी जा रही है। प्रशिक्षण में कम्युनिटी मेडिसिन डिपार्टमेंट के हेड डॉक्टर सोफिया नूर एवं डॉक्टर आशीष बघेल भी उपस्थित रहे।

## नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड जीतकर आया आरक्षक अंचित गबेल

» कनाडा और टोरंटो में अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

» पुलिस अधीक्षक ने बढ़ाया हौसला, अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए दी शुभकामनाएं



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिले के थाना यातायात में पदस्थ आरक्षक अंचित गबेल 9 फरवरी से 14 फरवरी तक मणिपुर में आयोजित 41 वे राष्ट्रीय मास्टर चैंपियनशिप में भाग लेकर 01 स्वर्ण, 01 रजत एवं 01 कांस्य पदक जीतकर लौटा है।

आरक्षक अंचित गबेल आज अपने मेडल्स और प्रशस्ति पत्र के साथ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह से मिलने उनके ऑफिस आया और बताया कि 3000 स्टेपल चेज दौड़ में प्रथम स्थान अर्जित कर गोल्ड तथा 1500 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत एवं 5000 मीटर की दौड़ में तृतीय स्थान पर कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही माह अप्रैल में कनाडा और टोरंटो में होने वाली अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में चयन हुआ है। आरक्षक अंचित गबेल ने बताया कि मणिपुर में आयोजित 41 वें राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2020 ओपन टूर्नामेंट था जिसमें शामिल होने के लिए अवकाश लेने एस.पी सर के पास आफिस आया और टूर्नामेंट में शामिल होने की बात बताया था जिसे पुलिस अधीक्षक महोदय अवकाश देकर अपनी शुभकामनाएं दिए थे। इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ राज्य के 24 खिलाड़ी विभिन्न खेलों में भाग लिये जिसमें अंचित ही प्रथम दौर में पहुंचकर तीन मेडल हासिल किया है। पुलिस अधीक्षक महोदय संतोष कुमार सिंह द्वारा आरक्षक अंचित गबेल को उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई देते हुए अंतर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं दिया गया है एवं अन्तर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए विभागीय अनुमति एवं आदि व्यवस्था किए जाने की बात कहा गया है। इसके पहले भी आरक्षक अंचित गबेल कई राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। मणिपुर में प्राप्त मेडल्स के साथ ही अब तक अंचित गबेल 11 गोल्ड, 5 सिल्वर, 4 ब्रोंज़ मेडल दौड़ में जीत चुका है। इसके पहले उसका चयन न्यूजीलैंड और मलेशिया के अंतराष्ट्रीय टूर्नामेंट शामिल होने चयन हुआ था किंतु किसी कारणवश उस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाया था।

» समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर संबंधित कर्मचारियों का वेतन नहीं होगा आहरित

## कार्मिक सम्पदा में डाटा अपडेशन की अंतिम तिथि 29 फरवरी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने जिले के समस्त संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को अपने विभाग के समस्त शासकीय सेवकों का डाटा अपडेशन को प्राथमिकता से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया है। कार्मिक सम्पदा में डाटा अपडेशन हेतु अंतिम तिथि 29 फरवरी 2020 है। जिला कोषालय अधिकारी अनिल पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्मिक सम्पदा पोर्टल में डीडीओ द्वारा समस्त शासकीय सेवकों का डाटा अद्यतन का कार्य दिनांक 1 अगस्त 2019 से प्रारंभ किया गया है। लगभग 6 माह की अवधि के पश्चात भी कुल 21722 अधिकारियों एवं कर्मचारियों में से 5277 का डाटा अपलोड शेष है। शेष 5277 अधिकारियों एवं कर्मचारियों में स्कूल शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की संख्या 2515 है। जिनमें प्रमुख रूप से बीईओ पुसौर के 478, बीईओ बरमकेला के 351, बीईओ सारंगढ़ के 207 तथा अस्पताल अधीक्षक रायगढ़ के 294, पीडब्ल्यूडी के 188 कर्मचारियों का कार्मिक सम्पदा में अपडेशन लंबित है। अन्य कई विभागों के कर्मचारियों की जानकारी के ऑनलाईन अपडेशन का कार्य अपूर्ण है। समय-सीमा में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण नहीं करने वाले आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के कार्यालयों के वेतन देयक कोषालय एवं उप कोषालयों में स्वीकार नहीं किया जाएगा, संपूर्ण जवाबदारी संबंधित विभाग की होगी।

# ट्रेलर मालिक अच्छी किस्म के कोयले निकालकर पत्थर कोयला भिजवा रहा था टीआरएन कंपनी में

» ट्रेलर ड्राइवर के पकड़े जाने के बाद हुआ खुलासा

» ट्रेलर मालिक व ड्राइवरों के विरुद्ध घरघोड़ा थाना में खयानत का मामला हुआ दर्ज

» 4 ट्रेलर ड्राइवर घरघोड़ा पुलिस की हिरासत में, वाहन स्वामी की तलाश में घरघोड़ा पुलिस

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना घरघोड़ा अन्तर्गत स्थित टी.आर.एन. कम्पनी के सुपरवाईजर परविंदर श्योरेंण पिता राजेन्द्र श्योरेंण हाल निवास कटंगडीह टी.आर.एन. फिल्ड हास्टल थाना घरघोडा द्वारा दिनांक 23.02.2020 को थाना घरघोड़ा में आवेदन पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 23.02.2020 के सुबह करीबन 04.15 बजे ट्रेलर वाहन क्र. 01. सीजी 12 ए.टी. 5832 18 चक्का 31.08 एमटी कोयला कीमती 155400 ड्रायवर का नाम कोमल चन्द्र गुप्ता, 02. सीजी 12 एटी 5833 30.87 एमटी कोयला कीमती 154350 ड्रायवर का नाम शैलेन्द्र मिश्रा, 03. सीजी 12 एयू 6514 35.48 एमटी ड्रायवर का नाम सोनू सिंह कोयला कीमती 177400 04. सीजी 12 एयू 6516 ड्रायवर का नाम निकेश सिंह टोटल कोयला वजन 135.850 एमटी कोयला कीमती 679250 कुल 04 ट्रेलर वाहन में वाहन मालिक राजू पाठक उर्फ शरद कुमार पाठक प्लांट में एंट्री हुए जिन्हे कुसमुन्डा से कोयला लेकर आना था। जो उक्त वाहनो से पत्थर मिला कोयला जिसमें लगभग 90 प्रतिशत पत्थर था हमारे सामने प्लांट में खाली किये जिसे देखकर वाहनों के चालको से पूछताछ किये तो बताये कि वाहन मालिक राजू पाठक उर्फ शरद कुमार पाठक के कहने पर सभी चांपा के अग्रवाल कोल डीपो में कोयला खाली कर कोयला की जगह उतने ही वजन का पत्थर लोड कर यहां लाये है।

जिसके लिये मालिक वाहन चालको को प्रति ट्रीप 5000 रू. देता है, बताये। आवेदन पत्र पर वाहन मालिक, वाहन चालक एवं अन्य के विरूद्ध अप.क्र. 32/2020 धारा 407,34 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। चारों ड्राइवरों को हिरासत में लिया गया है वाहन मालिक की पतासाजी की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मृत्यु पर वारिसानों के लिए सहायता राशि स्वीकृत




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ अनुविभाग अंतर्गत दो लोगों की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु होने पर एसडीएम रायगढ़ द्वारा तहसीलदार की अनुशंसा पर मृतक के वारिसानों को 25-25 हजार रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार काशीराम चौक, गांधीनगर रायगढ़ के बरतलाल यादव की 16 जुलाई 2019 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती उषा यादव को 25 हजार रुपए तथा तहसील पुसौर के ग्राम-बरपाली निवासी रोहित बरेठ की 16 जनवरी 2020 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके भाई शेष कुमार बरेठ को 25 हजार रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# जिला पंचायत रायगढ़ का प्रथम सम्मिलन व शपथ ग्रहण संपन्न




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पंचायत रायगढ़ का प्रथम सम्मिलन एवं शपथ ग्रहण गरिमामय समारोह में 24 फरवरी को संपन्न हुआ। शपथ उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कार्यभार संभाला। समारोह की शुरूआत राजगीत अरपा पैरी के धार के गायन से हुई। तत्पश्चात जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष निराकार पटेल, उपाध्यक्ष रोहिणी प्रताप सिंह राठिया तथा समस्त सदस्यों का स्वागत किया। समारोह में सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा अध्यक्ष-श्री निराकार पटेल, उपाध्यक्ष-श्री रोहिणी प्रताप सिंह राठिया तथा सदस्य-संगीता गुप्ता, पुनीता दिलीप पटेल, आकाश मिश्रा, गोपिका गुप्ता, सविता खेमराज नायक, अब बैजन्ती नंदू लहरे, तुलसी विजय बसंत, अनिका बिनोद भारद्वाज, सीता चिंतामणी पटेल, कैलाश शक्राजीत नायक, अजय जवाहर नायक, विलास तिहारूराम सारथी, संतोषी राठिया, पूर्णिमा विजय जायसवाल, अवधराम पटेल, संतोष कुमार राठिया, सहोद्रा राठिया, रोहिणी बसंत राठिया, देवेन्द्र प्रताप सिंह, यशोमति सिदार, मालती निलाम्बर राठिया, रामनाथ बैगा एवं गौरीशंकर राठिया को शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास व अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाना हम सभी प्रतिनिधियों की जवाबदारी है।

शासन की मंशा अनुरूप जनहितैषी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्र में सुचारू रूप से संचालित हो जिसके लिए हम सभी प्रतिनिधि एकजुट होकर काम करेंगे और विश्वास है कि अपने प्रयासों से रायगढ़ जिले को ग्रामीण विकास के क्षेत्र में प्रदेश में अव्वल स्थान दिलायेंगे। उपाध्यक्ष रोहिणी प्रताप सिंह राठिया ने कहा कि मैं जनता की भावनाओं के अनुरूप उनके विकास व सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति हेतु 4 मार्च तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र संबलपुरी, पण्डरीपानी पूर्व (उरांवपारा) व कुलबा, मंजूरी पारा के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु दिनांक 9 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2019 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन कर अनंतिम मूल्यांकन पत्रक (सूची) का प्रकाशन कर परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। जिसका अवलोकन आवेदकों के द्वारा किया जा सकता है। आवेदन पत्र के मूल्यांकन के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपना आपत्ति दावा परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण के कार्यालय में दिनांक 4 मार्च 2020 को सायं 5 बजे तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है।

## कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने राष्ट्रीय कृषि मेला में विभागीय स्टॉलों का किया अवलोकन






**रायपुर।** राष्ट्रीय कृषि मेला की प्रदर्शनी में कृषि उत्पादन बढ़ाने किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों व कृषि की उन्नत तकनीकों की जानकारी विभिन्न विभागीय स्टॉलों के माध्यम से प्राप्त हो रही है। कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने राष्ट्रीय कृषि मेला में उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, लाख उत्पादन, आधुनिक तकनीक से फसल उत्पादन, कुक्कुटपालन, नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी योजना, कृषि अभियांत्रिकी सहित अन्य विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन तथा अन्य विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए गए कृषि उत्पादों तथा आधुनिक कृषि यंत्रों से कृषकों को कृषि के क्षेत्र में अद्यतन जानकारियां प्राप्त हो रही है, जिससे कृषक लाभान्वित हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कृषि मेला में शुगरकेन हार्वेस्टर, कड़कनाथ नस्ल के कुक्कुट, स्वचलित इन्क्यूबेटर, मिनी राईस मिल, ड्रोन के माध्यम से किटनाशकों का छिड़काव, मक्का छिलाई यंत्र, सीडर, बेलर मशीन सहित अन्य विभिन्न यंत्रों का प्रदर्शन किया जा रहा है। जिससे कृषकों को नवीन तकनीकों के बारे में जानकारी मिल रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480